सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 भाद्र 13, गुरुवार, शाके 1947–सितम्बर 4, 2025 अंक 23

Vol. 77 Bhadra 13, Thursday, Saka 1947–September 4, 2025 No. 23

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

हम (1) आनन्द सिंह राठौड़ पुत्र श्री प्रेम सिंह राठौड़, उम्र 50 वर्ष, निवासी खेतासर, सांकड़ा, जैसलमेर, राजस्थान (2) नजर कँवर पत्नी श्री आनंद सिंह राठौड़, आयु 46 वर्ष, निवासी खेतासर, सांकड़ा, जैसलमेर (3) राजन नायर पुत्र श्री गोपालन नायर, आयु 64 वर्ष, निवासी प्रभु निवास, शिव मंदिर के पास, जोधपुर (4) सुभद्रा राजन नायर पत्नी श्री राजन के नायर, आयु 55 वर्ष, निवासी प्रभु निवास, शिव रोड़, नजदीक शिव मंदिर, रातानाडा, जोधपुर एतद्द्वारा सशपथ बयान करते हैं कि :–

1. यह है कि एक फर्म मैसर्स श्री चेन्नई मॉल के नाम से शिकारगढ़, घांची कॉलोनी, मिनी मार्केट, शिकारगढ़ जोधपुर पते पर स्थित है, जिसके पंजीयन संख्या RF/JDH/2018/2799 दिनांक 02.08.2018 है, जिसमें पूर्व में हम सभी शपथकर्तागण समान रूप से भागीदार थे।
2. यह है कि शपथकर्ता संख्या 3 राजन नायर एवं शपथकर्ता संख्या 4 सुभद्रा राजन नायर ने अपनी स्वेच्छा एवं राजी–खुशीपूर्वक उक्त वर्णित फर्म में अपनी सम्पूर्ण भागीदारी दिनांक 04.03.2024 को त्याग दी हैं एवं तब से उक्त वर्णित फर्म में केवल दो भागीदार, जो कि शपथकर्ता संख्या 1 आनन्द सिंह राठौड़ एवं शपथकर्ता संख्या 2 नजर कँवर ही हैं एवं शपथकर्ता संख्या 1 व 2 ही उक्त फर्म का तब से कार्य देख रहे हैं एवं संचालन कर रहे है। शपथकर्ता संख्या 1 की उक्त फर्म में 50 प्रतिशत की भागीदारी एवं शपथकर्ता संख्या 2 का उक्त फर्म में 50 प्रतिशत की भागीदारी है।

आनन्द सिंह राठौड़	नजर कँवर	राजन नायर	सुभद्रा राजन नायर
शपथकर्ता संख्या 1	शपथकर्ता संख्या 2	शपथकर्ता संख्या 3	शपथकर्ता संख्या 4

सत्यापन

हम उक्त शपथकर्ता सत्यापित करते हैं कि उक्त लिखित वाक्यात हमारे निजी ज्ञान व जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है। ईश्वर सत्य बोलने में हमारी मदद करें।

आनन्द सिंह राठौड़	नजर कँवर	राजन नायर	सुभद्रा राजन नायर
शपथकर्ता संख्या 1	शपथकर्ता संख्या 2	शपथकर्ता संख्या 3	शपथकर्ता संख्या 4

ATTESTED
DURGA PURI
22-07-2025
NOTARY, JODHPUR.
12573

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।